30-12-2001

"नूतन वर्ष २००२ मंगलमय हो"

हम किसी भी दृष्टि से देखें, यह संदेह-रहित सत्य है कि वर्ष २००१ के बीतने से जीवन का एक और वर्ष कम हो गया। प्रत्येक व्यक्ति मृत्यु के और समीप हो गया। मृत्यु की ओर बढ़ते कदम अर्थात सत्य की ओर बढ़ते कदम – क्यों ? जैसे परमात्मा सत्य है, वैसे मरण भी सत्य है। दोनों ही सतत् याद रखने योग्य – उसी में मानव का कल्याण है। वर्ष के शुभारम्भ होने से पूर्व एक व्यापारी अपना विगत लेखा-जोखा बंद करके नया खोलता है, पिछले की जांच-पड़ताल करता है, परीक्षण-निरीक्षण करता है ताकि गत वर्ष में रही त्रुटियों की पुनरावृत्ति न हो। एक साधक का दृष्टि-कोण भी ऐसा ही हो, वह भी देखे—आध्यात्मिक प्रगति हुई या अवगति ? कहां कहां फिसला ? तदनुसार आगामी वर्ष की साधना का कार्यक्रम निधारिंत करे। कुछ एक प्रश्न अपने आपसे पूछने से निर्णय लेना सुगम हो जायेगा :–

१. क्या राम-नाम जाप निरन्तर होने लगा है ? यदि नहीं तो कहां कहां अवरुद्ध होता है ? सतत स्मरण कहां भंग हो रहा है ?

२. क्या ध्यान का नियम निभ रहा है ? यदि हां, तो क्या आनन्द की अनुभूति हो रही है ? क्या मन का कुछ निर्मलीकरण हुआ ? क्या पूर्व पापों का बोझ कुछ हल्का हुआ? फलतः क्या भजन-ध्यान में रुचि बढ़ी ? क्या संसार की अपेक्षा राम अधिक प्रिय लगने लगा है ?

३. क्या घर संसार की छोटी छोटी घटनाएं मन को पूर्ववत विचलित करती हैं या मन स्थिर रहता है ? क्या प्रत्येक प्रतिकूल स्थिति में जाप बंद तो नहीं हो जाता ? कर्त्तव्य-पालन अर्थात सेवा खंडित तो नहीं जाती ?

४. क्या मनोविकार काम, क्रोध एवं लोभ-मत्सर पहले जैसे ही परेशान करते हैं या विचार-धारा में कुछ सुधार आया ? क्या अभिमान वैसे ही फुंकारे मारता है या कुछ शिथिल हुआ ? क्या परिणाम-स्वरुप सहनशीलता एवं नम्रता में वृद्धि हुई या नहीं ? क्या दूसरों की उन्नति देख, मन अभी भी पूर्ववत ही जलता है – दुःखी होता है या दाता याद आता है ?

५. क्या दूसरों का अनिष्ट सोचने या करने में, पर-निन्दा, चुगली, कटु वाणी प्रयोग में कुछ कमी हुई या नहीं ? क्या सबके प्रति सद्भावना एवं प्रेम के भाव जाग्रत हुए या नहीं ?

उत्तर पाने पर नूतन वर्ष में दृढ़-संकल्प लेने की आवश्यकता कि, "२००२ में कौन कौन से दुर्गुणों का त्याग करेंगे। आप का संकल्प संपूर्ण हो, सफल हो, राम-मंत्र आपको बल दे – मेरे गुरु-जन सबको आशीर्वाद दें एवं प्रभु-राम सब पर कृपा करें। मेरी ओर से शुभ एवं मंगल-कामनायें व सबको हार्दिक बधाई।

May God bless us all to live a meaningful year 2002.

विश्वामित्र

"Let the Year 2002 be very blissful & auspicious for all of us"

Seeing from any aspect, there is no doubt about, with ending of year 2001, life span has been shortened by one more year. Every human being is, close to death- striding towards 'death' means striding towards 'Truth' - Why? The way Almighty God is 'Truth' similarly death is also 'Truth'. Both should be constantly remembered. In this lies the welfare of man. Before the propitious beginning of the year a business man closes his previous accounts and starts a new cash/ accounts book. He scrutinizes the old accounts and evaluates and assesses them so that the mistakes committed in the previous year may not be repeated. A Spiritual aspirant (sadhak) should also visualise from same angle. Even he should see whether he has made progress in spiritual life or deteriorated? Where has the slipped? Accordingly he should program his spiritual activities for the next year. He should be able to decide this very easily by asking few questions from himself like -

1	Has he been able to chant Ram-Nam Constantly? If not what are the hurdles? what is obstructing the constant remembrance?
2	Has he been able to maintain regularity in meditation? If yes, then Has he experiencing the bliss? Has he been able to attain the purity of mind? Has he been able to reduce the burden of his previous sins? Consequently has he started enjoying more of dear to him than the world?
3	Do the trivial affairs of day to day life still disturb like before or mind has become more stable? Or does every adverse situation hinder your chanting of Ram Nam? Does it restrict your 'service' or performing of duties?
4	Whether the emotions of mind - desire, anger, greed, jealousy perturbs you like before or your way of thinking has improved? Does ego/pride still raises its hood like always or has it mellowed? Consequently tolerance and humility have increased or not? Seeing the progress of other does the heart still burns and gets agitated or at that you remember God, 'the benefactor'?
5	Doing or thinking ill of others, slandering and using harsh words has reduced or not? Whether pure disposition of nature, friendliness, kindness and love for all has developed or not?

After finding the answers we should make firm resolution in the new year that -- In 2002 which all defects & flaws should be renounced? May you be successful in fulfilling your resolution. May 'Ram Mantra' give you strength. May the blessing of my Gurus be with you and May Lord Rama bless you all. With best and auspicious wishes I congratulate all. May God bless you all to live a meaningful year 2002.

Viswamitter